नव भारत
1934 से

# देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार

**29** राज्यों में कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई फिर शुरू

**04** मंत्रालयों की ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

**नई दिल्ली, 14 मार्च. पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एक साथ चार मंत्रालयों की ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए देश को आश्वस्त किया है. सरकार का स्पष्ट संदेश है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और पैनिक बुकिंग की कोई आवश्यकता नहीं है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए अमेरिका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क में है.**




राहत की बड़ी खबर यह है कि भारतीय जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' ने दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और वे 16-17 मार्च तक मुंद्रा और कांडला पोर्ट पहुंच जाएंगे. वर्तमान में खाड़ी क्षेत्र में भारत के 22 जहाज मौजूद हैं, जिनमें 6 एलपीजी और 1 एलएनजी टैंकर शामिल हैं, जिनकी सुरक्षा पर नौसेना पैनी नजर रखे हुए है.

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पैनिक बुकिंग पर चिंता जताई है, जो अचानक 75 लाख से बढ़कर 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई है. उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है. 29 राज्यों में कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई फिर से शुरू कर दी गई है और दिल्ली-एनसीआर में एक महीने के लिए बायोमास/ वैकल्पिक ईंधन के उपयोग की अनुमति दी गई है. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की कोशिश है कि कमार्शियल के एलपीजी उपभोक्ता को पीएनजी की ओर मोड़ा जाए. पीएनजी कनेक्शन जिनको भी तुरंत दिया जा सकता है, उनको दिया जाएगा. एलपीजी की पैनिक बुकिंग बहुत ज्यादा हो रही है, जब जरूरत हो तभी बुकिंग करें. एलपीजी अभी चिंता का विषय बना हुआ है. इसको लेकर लगातार रेड किए जा रहे हैं.

13 मार्च को 1300 से ज़्यादा औचक निरीक्षण किया गया है तेल मार्केटिंग कंपनियों की तरफ से कालाबाजारी रोकने में राज्य सरकार की भूमिका अहम है.

> **उप्र में 1400 जगहों पर चेकिंग, 19 केस दर्ज**
>
> कालाबाजारी रोकने के लिए रेड किया जा रहा है. कई राज्य में संयुक्त टीम बनाई है, जिसमें तेल कंपनियों के लोग भी है. उप्र में 1400 जगहों पर अचानक चेकिंग हुई. 19 केस दर्ज किए गए है. सीएक्यूएम ने भी गाइडलाइन जारी किया है कि दिल्ली एनसीआर में गैस के वैकल्पिक व्यवस्था को भी अनुमति दी गई है.
>
> **छत्तीसगढ़ में 102 जगहों पर छापे :** छत्तीसगढ़ में प्रशासन ने एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है. शनिवार को राज्यभर में की गई कार्रवाई के दौरान 102 अलग-अलग स्थानों से कुल 741 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए.

## एक नजर में



### आर. वैरामुथु को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने का ऐलान

नई दिल्ली/चेन्नई. प्रसिद्ध तमिल साहित्यकार आर. वैरामुथु को तमिल साहित्य में उल्लेखनीय योगदान, रचनात्मकता और विशिष्ट काव्यात्मक अभिव्यक्ति के लिए वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ समिति ने कहा है कि तमिल भाषा का दायरा बड़ा होने के बावजूद अब तक इसके केवल दो लेखकों पी.वी. अखिलंदम (1975) और डी. जयकान्तन (2002) को यह सम्मान मिला था.

## सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती - राहुल



**नई दिल्ली, 14 मार्च. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 5 प्रतिशत और देने का वादा किया था लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है.**

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा, लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ. सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एएसपी नीति दोहरा दी. उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर सही ठहराया गया. उनका कहना था कि इसके साथ ही एक और गंभीर सवाल है अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में गैर-टैरिफ बाधाएँ घटाने की बात कही गई है. क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है. सरकार इस सवाल से भी बच रही है.

# बंगाल में हिंदुओं को बनाया जा रहा अल्पसंख्यक

## परिवर्तन संकल्प यात्रा में पीएम मोदी का ममता सरकार पर बड़ा हमला



**कोलकाता, 14 मार्च. बंगाल की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता सरकार पर तीखा प्रहार किया. कोलकाता में परिवर्तन संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- बंगाल में हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाया जा रहा है. अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा. अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा.**

पीएम ने कहा कि कल टीएमसी ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को 'चोर' कहकर गाली दी है. असली चोर कौन है यह बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है. अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है. वह केंद्र सरकार की योजनाएं रोक रही हैं. उन्हें एक पैसा नहीं देना है, फिर भी नहीं चाहतीं कि केंद्र की योजनाओं का लाभ बंगाल के लोगों को मिले.

> **पीएम ने 23,550 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया**
>
> **गुवाहाटी.** पीएम मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन सिलचर में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के युवाओं को गुमराह किया. उन्हें हिंसा और आतंकवाद के रास्ते पर धकेला, लेकिन आज यह राज्य अवसरों का सागर है. पीएम ने बताया कि कांग्रेस ने असम को 'फूट डालो-राज करो' नीति में रखा. आज असम खुला आसमान है. असम भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर का अहम हिस्सा बन रहा है. राज्य ने सरकारी नौकरियों के रास्ते खोले हैं. इसके पहले मोदी ने सिलचर में 23,550 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया.

## उत्तर कोरिया ने तीसरी बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**सोल, 14 मार्च (वार्ता).** उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर (जापान सागर) की दिशा में लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं. दक्षिण कोरिया की संयुक्त सेना प्रमुख समिति ने यह जानकारी दी. एजेंसी के अनुसार, समिति ने बताया कि मिसाइलों का प्रक्षेपण उत्तर कोरिया के सुनान क्षेत्र से किया गया. यह इस वर्ष उत्तर कोरिया द्वारा किया गया तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण है. दक्षिण कोरिया और जापान ने इस परीक्षण की पुष्टि की है, जो क्षेत्र में सैन्य तनाव को बढ़ाता है.

# शादी-ब्याह में फिजूलखर्ची से हमेशा बचें

## शुजालपुर में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीसी के जरिए संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 14 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत और कारगर माध्यम है.**



बेटियों के पाणिग्रहण संस्कार से बड़ा पुण्य का, कोई दूसरा काम हो ही नहीं सकता. पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब जन्म से लेकर पढ़ाई, नौकरी, मातृत्व और विवाह तक हमारी सरकार हर कदम पर बहनों-बेटियों के साथ खड़ी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि मितव्ययिता बेहद जरूरी है. इसलिए शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से हमेशा बचें. अपने बेटे-बेटियों का विवाह/निकाह सामान्य समारोह या सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही करें. इससे जो धन बचे, वह अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए बचाकर रखें. मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही कराया है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से शुजालपुर जिला शाजापुर में हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे.





